# मैथोडिस्ट चर्च में ईस्टर पर प्रार्थना सभा



कैंडिल लेकर चर्च पहुंचे मसीह समाज के लोग

शाह टाइम्स संवाददाता

**अमरोहा।** मैथोडिस्ट चर्च में प्रभु यीशु मसीह के पुन: जीवित होने के महत्व पर प्रकाश डाला गया। पास्टर विनय कुमार ने बाइबल के वचन पढ़कर प्रार्थना कराई। मसीह समाज के लोग कैंडल के साथ चर्च पहुंचकर प्रार्थना में शामिल हुए।

रविवार को बड़ा बाजार स्थित मैथोडिस्ट चर्च में ईस्टर पर प्रार्थना का आयोजन किया गया। मसीह समाज के लोग हाथों में कैंडल के साथ चर्च पहुंचकर प्रार्थना में शामिल हुए। पास्टर विनय कुमार ने



बाइबल के वचन परंतु सप्ताह के पहले दिन बड़े भोर को वे उन सुगंधित वस्तुओं को जो उन्होंने तैयार की थी, लेकर कब्र पर आई, और उन्होंने पत्थर को कब्र पर से लुढ़का हुआ पाया, और भीतर जाकर प्रभु यीशु की लोथ न पाई, जब वह इस बात से भौचक्की हो रही थी तो देखो, दो पुरुष झलकते वस्त्र पहने हुए उनके पास आ खड़े हुए,जब वह डर गई, और धरती की ओर मुंह झुकाए रही, तो उन्होंने उन ने कहा तुम जीवते को मरे हुआ में क्यो ढूंढती हो, वह यहां नहीं, परंतु जी उठा है, स्मरण करो कि उसने ग्लील मे रहते हुए तुमसे कहा था, की अवश्य है, की मनुष्य का पुत्र पापियों के हाथ में पकड़वाया जाए, और क्रूस पर चढ़ाया जाए, और तीसरे दिन जी उठे,पढ़कर प्रार्थना कराई और प्रभु यीशु के पुन जीवित होने के महत्तव पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर बच्चों ने विशेष नाटक प्रस्तुत किए। इस मौके पर अनुज मिल्टन, सौरव मसीह, गौरव मसीह, कृपाल मसीह, एडविन मसीह, क्लॉडियस धारीवाल, रॉबिन मसीह, सुनील, शिवानी, अमित, दीपक, योगेश, रानी मसीह, अंकुर, विशाल आदि मौजूद रहे।

## श्रद्धा के साथ मनाया ईस्टर पर्व, निकाली प्रभात फेरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हसनपुर।** नगर में रविवार को ईस्टर का पर्व मसीह समाज द्वारा अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। मोहल्ला हिरन वाला स्थित सेंट जॉन्स चर्च में आयोजित कार्यक्रमों में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया और प्रभु यीशु मसीह के पुनरुत्थान की खुशी साझा की। उत्सव का शुभारंभ रविवार तड़के सुबह पांच बजे प्रभात फेरी के साथ हुआ। मसीह समाज के लोगों ने भजन-कीर्तन करते हुए नगर में प्रभात फेरी निकाली और एक-दूसरे को यीशु मसीह के तीसरे दिन जीवित होने की मुबारकबाद दी। इसके पश्चात, सुबह 10:00 बजे चर्च में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ। पाप पर पुण्य की विजय प्रार्थना सभा के दौरान पासवान ने पवित्र धर्मशास्त्र का पाठ किया और ईस्टर के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आदम और हव्वा के माध्यम से दुनिया में जो पाप आया, उसने पूरी मानवता को मृत्यु





और अशांति के मार्ग पर धकेल दिया था। प्रभु यीशु ने आज ही के दिन मृतकों में से जी उठकर मृत्यु पर विजय प्राप्त की। उन्होंने स्वयं का बलिदान देकर मनुष्य जाति के लिए उद्धार का मार्ग खोला। पवित्र शास्त्र के वचन को दोहराते हुए कहा गया कि ष्परमेश्वर ने जगत से ऐसा प्रेम रखा कि उसने अपना इकलौता पुत्र दे दिया, ताकि जो कोई उस पर विश्वास करे, वह नाश न हो बल्कि अनंत जीवन पाये। चर्च परिसर में दिन भर मेले जैसा माहौल रहा। लोगों ने एक-दूसरे को गले लगकर ईस्टर की बधाई दी। इस अवसर पर मुख्य रूप से सुशील मसीह, डेबरा मसीह, रिबका मसीह, शैन मसीह, राखी मसीह, शैनन मसीह, ओलिवर मसीह, मेघा, श्वेता, सुभाष मसीह, अभी मसीह और अनुज मसीह सहित समाज के गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में महिलाएं व बच्चे उपस्थित रहे। यह पर्व मानवता को बुराई का रास्ता छोड़कर सत्य और प्रेम के मार्ग पर चलने का संदेश देते हुए शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

# विपिन अध्यक्ष व संजीव चुने गए उपाध्यक्ष

### संविदा कर्मियों का चुनाव

शाह टाइम्स संवाददाता

**अमरोहा।** उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन संविदा कर्मचारी संघ का विपिन कुमार को सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष व संजीव को उपाध्यक्ष चुना गया।

रविवार को जेएसएम पब्लिक स्कूल शाहपुर में कर्मचारी संघ की पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर सर्वसम्मति से विपिन कुमार को जिलाध्यक्ष, संजीव को जिला उपाध्यक्ष व हेमराज को कोषाध्यक्ष चुना गया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष विपिन कुमार ने कहा कि सभी विभागों में कार्यरत संविदा निविदा कर्मियों को न्यूनतम वेतन व रोजगार की गारंटी दी गई है। परंतु बिजली विभाग के संविदा कर्मियों को आउटसोर्स निगम में ना लिए जाने पर उनमें रोष है। सरकार संविदा कर्मियों का एक समान वेतन निर्धारित नहीं कर पाई। आउटसोर्स बिजली कर्मी जो बिजली घरों में तैनात है, उनके भविष्य को लेकर सरकार मौन है। मीटिंग की अध्यक्षता संजीव कुमार व संचालन संतपाल ने किया। इस अवसर पर गौरव सिंह, मुकुल, देवेंद्र, अर्जुन आदि मौजूद रहे।



# पति समेत चार पर मुकदमा दर्ज

**विवाहिता को दहेज की मांग पूरी न होने पर घर से निकाला**

शाह टाइम्स संवाददाता,

**गजरौला।** दहेज की मांग पूरी न होने पर पति व ससुराल पक्ष ने विवाहिता को मारपीट करके घर से निकाल दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार अमरोहा के मौहल्ला हुसैनपुरा जसराज ने अपनी पुत्री रीनू की शादी 24 नवम्बर 2022 को निवासी नगर के मौहल्ला सुल्ताननगर निवासी दिपेन्द्र के साथ की थी। शादी में रीनू के परिजनों ने उपहार स्वरूप काफी सामान दिया था, लेकिन पति व ससुराल पक्ष ने शादी के कुछ दिनों बाद से ही दहेज में एक स्विफ्ट कार एवं दो लाख रूपये की मांग करने लगे। मना करने पर रीनू के साथ मारपीट करने लगे। 08 नवम्बर 2025 को रीनू के साथ मारपीट करके घर से निकाल दिया। रीनू ने बीते दिन पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रीनू के पति दिपेन्द्र, ससुर गुलाब सिंह, सास सुदेश कुमारी व ननद अनामिका के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने निकाला पथ संचलन

**विभाग बौद्धिक शिक्षण प्रमुख ने किया संबोधन**

शाह टाइम्स संवाददाता,

**गजरौला।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने पथ संचलन निकाला। रविवार को कालरा स्टेट कॉलोनी के मुख्य पार्क में एकत्र हुए संपत व ध्वजारोहण के बाद स्वयसेवकों को संबोधित करते हुए विभाग बौद्धिक शिक्षण प्रमुख कृष्ण कुमार ने कहा संघ के संस्थापक डा. हेडगेवार बाल्य काल से ही देशभक्त थे। उन्होंने बचपन में ही स्कूल में ब्रिटेन की महारानी के सम्मान में दिए गए।



मिठाई को कूड़े के ढेर में फेंक दिया था और डॉक्टर की पढ़ाई करते समय कोलकाता में क्रांतिकारियों के साथ आंदोलन का हिस्सा बने। देश काल व परिस्थितियों को देखते हुए उन्होंने 1925 में संघ की स्थापना की और लगातार स्वतंत्रता के आंदोलन में प्रतिभाग करते रहे। संघ के शताब्दी वर्ष के मौके पर उन्होंने कार्यकर्ताओं से कुटुंब प्रबोधन स्व का भाव नागरिक कर्तव्य सामाजिक समरसता व पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज को जागृत करने का आह्वान किया। प्रार्थना के बाद कालरा स्टेट से पथ संचलन शुरू हुआ, जो कि प्रमुख मार्गों पर घूमा। कई स्थानों पर नागरिकों ने पथ संचलन पर पुष्प वर्षा करके अभिनंदन किया। इस मौके पर नगर संघचालक कमल कुमार सहसंचालक पुसविंदर सिंह, ओंकार सिंह, अशोक प्रियदर्शनी, एसके त्रिपाठी, रामू शंकर शर्मा, विनय सिंह, उमेश गुप्ता, वीरेंद्र शर्मा, विवेक त्यागी, विभोर जिंदल, कुलवंत सिंह आदि उपस्थित थे।

# महिला के गले से सोने की चेन चोरी

**तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा किया दर्ज**

शाह टाइम्स संवाददाता,

**गजरौला।** माँ ललिता देवी मंदिर पर प्रसाद चढाने गई महिला के गले से सोने की चैन और लाकेट चोरी कर लिया। घटना एक सप्ताह पूर्व हुयी थी, जिसकी रिपोर्ट दर्ज करते हुए पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार मुरादाबाद के नागफनी थाना क्षेत्र के शिव विहार कालोनी निवासी अश्वनी वर्मा अपनी पत्नी कोमल एवं माता उमा वर्मा के साथ 31 मार्च को बस्ती स्थित माँ ललिता देवी मन्दिर पर प्रसाद चढाने आये गए थे। मन्दिर परिसर के निकास द्वारा के पास अत्यधिक भीड़ का फायदा उठाते हुए एक महिला ने उमा वर्मा की गले से सोने की चौन एवं उसमें पड़ा सोने का लाकेट चोरी कर लिया। उमा वर्मा ने घटना का आभास होते ही शोर मचाया, लेकिन तब तक आरोपित वहां से फरार हो गयी थी। घटना मन्दिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकोर्ड हो गयी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# महापुरुषों के आदेर्शों को जीवन में उतारने का संकल्प

### सपा ने मनाई महर्षि कश्यप एवं निषादराज गुह्य की जयंती



शाह टाइम्स ब्यूरो

**अमरोहा।** समाजवादी पार्टी द्वारा महर्षि कश्यप एवं निषादराज गुह्य की जयंती भी श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। पार्टी कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि महर्षि कश्यप और निषादराज गुह्य का जीवन मानवता के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि दोनों महापुरुषों के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम का आयोजन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के निर्देश पर किया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष मस्तराम सिंह यादव ने कहा कि निषादराज गुह्य के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान श्रीराम के वनवास के दौरान उन्होंने उनका साथ दिया और गंगा पार कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिला महासचिव चंद्रपाल सैनी, संत. राम सिंह यादव, डॉ अनीस अहमद, अतीक अहमद, विपिन कौशिक, आदित्य चौधरी, डॉ0 राजवर्धन जाटव, शाबेज खान, राधेलाल रघुवंशी, रिजवान हैदर, मुमताज खां, जिताम्बर यादव, शाहिद खान, गुड्डू सैनी, कपिल यादव, आलेमीन सैफी आदि मौजूद रहे।

# बलिदान की परम्परा ब्राह्मण समाज की पहचान

### बच्चों के संस्कार, शिक्षा पर दिया गया जोर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**जोया।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कवि माधव मिश्रा ने कहा कि इतिहास गवाह है कि जब-जब देश को बलिदान की आवश्यकता पड़ी, ब्राह्मण समाज ने सबसे आगे रहकर अपना योगदान दिया।

हाईवे स्थित भाजपा नेता विजय पांडेय के आवास पर आयोजित अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की बैठक में उन्होंने समाज को एकजुट रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान परशुराम के चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुई। सभा को संबोधित करते हुए माधव मिश्रा ने कहा कि ब्राह्मण समाज ने हमेशा अन्य समाजों को दिशा देने का कार्य किया है और सनातन संस्कृति को



सहेजकर रखने में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने बिखरते पारिवारिक मूल्यों पर चिंता जताते हुए समाज से एकजुटता बनाए रखने और आपसी मनमुटाव खत्म करने की अपील की। आगामी पंचायत चुनाव का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जो भी दल समाज को सम्मान देगा, ब्राह्मण समाज को उसका समर्थन करना चाहिए। वहीं, राष्ट्रीय महासचिव डॉ. महेश चंद शर्मा ने शिक्षा को सफलता की कुंजी बताते हुए कहा कि ब्राह्मण समाज की पहचान उसकी विद्वता से है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने बच्चों की शिक्षा और संस्कारों पर विशेष ध्यान देना चाहिए। इस दौरान अमरोहा नगर पालिका में नामित सभासद बनाए जाने पर भाजपा नेत्री उषा शर्मा का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। साथ ही 19 अप्रैल को जलालपुर गांव में आयोजित होने वाली परशुराम जयंती में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की गई। बैठक की अध्यक्षता गुरुदत्त शर्मा ने की, जबकि संचालन चंद्रप्रकाश शर्मा ने किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष धनंजय कौशिक, विजय कौशिक, गिरिराज शर्मा, आशाराम शर्मा, लोकेश शर्मा, सुनील शर्मा, महिमा शर्मा, डोरीलाल शर्मा, मदन गोपाल शर्मा, दिवाकर शर्मा, पवन शर्मा, राजीव शर्मा, कृष्ण गोपाल शर्मा, रोशचंद शर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे।

# भारत नर्सिंग होम की ओटी सील

### बिना अनुमति के हो रही थी संचालित

शाह टाइम्स संवाददाता

**रहरा।** कस्बे में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अवैध रूप से संचालित भारत नर्सिंग होम पर छापेमारी कर उसे सील कर दिया। सीएचसी प्रभारी डॉ. शशांक चौधरी के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जांच में सामने आया कि नर्सिंग होम बिना वैध पंजीकरण के चल रहा था। दस्तावेज मांगने पर संचालक कोई लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका। साथ ही अस्पताल में कई अनियमितताएं भी पाई गईं, जिनमें पर्याप्त प्रशिक्षित स्टाफ और मानकों के अनुरूप उपकरणों का अभाव शामिल है। सबसे गंभीर बात यह रही कि बिना अनुमति ऑपरेशन थिएटर संचालित किया जा रहा था, जहां मरीजों के ऑपरेशन तक किए जा रहे थे। इसे देखते हुए टीम ने ओटी को भी सील कर दिया और संचालक को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में अवैध नर्सिंग होम और क्लीनिकों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# नववर्ष से नई ऊर्जा का होता संचार

### नगर में निकला पथ संचलन

शाह टाइम्स संवाददाता

**अमरोहा।** हिंदू नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के उपलक्ष में शहर के मोहल्ला आवास विकास में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अमरोहा खंड द्वारा पथ संचलन निकाला गया।

रविवार को संघ की ओर से आवास विकास प्रथम में पथ संचलन निकाला गया। पथ संचलन आवास विकास प्रथम स्थित पार्क से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए अटल चौक, मोतीनगर, आवास विकास द्वित्तीय, अतरासी रोड होते हुए वापस पार्क में पहुंचकर संपन्न हुआ। वक्ताओं ने कहा कि हिंदू नव वर्ष पूजा पाठ व उपवास से शुरू होता है। नव वर्ष हमारे अंदर नई ऊर्जा का संचार करता है। हमें सदैव राष्ट्र व समाज सेवा के लिए अग्रसर रहना चाहिए। जिस देश के युवाओं में राष्ट्र के प्रति काम करने की ललक होती है, उसे आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक



सकता है। पथ संचलन में मुख्य रूप से जिला प्रचारक योगेंद्र सिंह, रोहिताश विद्यार्थी, विद्या भारती, नीरज, नरेंद्र सिंह, राजू कुमार, कपिल कुमार, पदमसिंह, विजय सिंह, प्रवेश कुमार, अजय कुमार, टिंकू, डॉ. भूपेंद्र सिंह, विपिन, सत्यानन्द आदि स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया।

# उधार के पैसे मांगने पर सगे भाईयों को पीटा

### पिता व दो बेटों पर मुकदमा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हसनपुर।** थाना आदमपुर क्षेत्र के कस्बा ढबारसी में मजदूरी के बकाया पैसे मांगना दो दलित भाइयों को भारी पड़ गया। दबंगों ने पैसे देने के बजाये भाइयों के साथ गाली-गलौज की और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उनकी बेरहमी से पिटाई कर दी। पुलिस ने इस मामले में पिता और उसके दो बेटों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

ढबारसी निवासी सचिन पुत्र चमन सिंह ने बताया कि 5 अप्रैल को सुबह करीब दस बजे वह अपने भाई कपिल के साथ ग्राम प्रधान के घर के पास मौजूद था। वहां कस्बा निवासी नौशाद और समेद्धिन पुत्रगण हसीन खां उन्हें मिले और फिर से हैदराबाद मजदूरी पर चलने का दबाव बनाने लगे। जब सचिन ने अपनी पिछली मजदूरी के 19 हजार रुपये मांगे तो आरोपी आग बबूला हो गये। आरोप है कि उन्होंने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए दोनों भाइयों को जमकर पीटा, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। घटना के दौरान आरोपियों के पिता हसीन खां भी वहां पहुंच गये। लेकिन उन्होंने बेटों को रोकने के बजाय पीड़ितों को जान से मारने की धमकी दी। मारपीट का एक लाइव वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। थाना अध्यक्ष कोमल तोमर ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपी नौशाद, समेद्धिन और हसीन खां के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जायेगी।

# बारात से पहले मारपीट, दूल्हा पहुंचा एसपी दफ्तर

### डीजे विवाद बना झगड़े की वजह, दूल्हा ने मांगा पुलिस से न्याय

शाह टाइम्स संवाददाता

**अमरोहा।** थाना देहात क्षेत्र में एक शादी का खुशियों भरा माहौल उस समय बवाल में बदल गया, जब डीजे पर पसंदीदा गाना न बजाने को लेकर दूल्हे और उसके दोस्तों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दूल्हे के साथ मारपीट कर दी गई। अगले दिन बारात जाते समय भी दूल्हे के दोस्त पहुंचे और बीच रस्ते में मारपीट कर धमकी दी। जिसके दूल्हा निकाह में जाने से पहले परिवार के साथ एसपी कार्यालय पहुंचा और कार्रवाई की मांग की यह घटना थाना देहात क्षेत्र के गांव मानकजुड़ी की है। दरअसल गांव निवासी अरमान पुत्र गफ्फार के यहां शनिवार को मंढा का कार्यक्रम चल रहा था। रविवार की अरमान की बारात गांव मीरा सराय जानी थी। इस दौरान मंढा के कार्यक्रम में अरमान ने अपने दोस्त आकाश व विकास को बुलाया था। इस दौरान अरमान के दोस्त अपना पसंदीदा गाना बजाने की जिद करने लगे। विरोध किया तो अरमान वो उसके परिजनों से मारपीट की। रविवार को अरमान की बारात जा रही थी।तभी दोनों दोस्त पहुंचे और मारपीट करने लगे। शादी समारोह में खुशी की जगह अफरा-तफरी और हंगामा फैल गया। मामला बढ़ने पर दूल्हा निकाह के लिए जाने के बजाय परिजनों के साथ सीधे पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच गया। वहां उसने आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रभारी निरीक्षक शौकेंद्र बालियान ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## महिला लापता, पति ने दर्ज कराई गुमशुदगी

शाह टाइम्स संवाददाता

**जोया।** युवक ने पुलिस को तहरीर देकर पत्नी के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज करायी है।

ग्राम पूरनपुर निवासी मनोज ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उसकी पत्नी सुषमा 26 मार्च 2026 को घर से बिना बताए कहीं चली गई और वापस नहीं लौटी। परिजनों ने रिश्तेदारी व आसपास काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। पति ने बताया कि महिला के पास एक मोबाइल नंबर भी है, लेकिन उससे संपर्क नहीं हो पा रहा है। महिला के हुलिए के बारे में बताया गया कि उसने गुलाबी रंग का सूट, हरी सलवार और पैरों में पीले सैंडल पहने हुए हैं। कद करीब 5 फीट, रंग गोरा और चेहरा गोल है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर ली है और मामले की जांच उपनिरीक्षक को सौंपी गई है। साथ ही आसपास के थानों और संबंधित इकाइयों को भी सूचना भेजी गई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही महिला का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

## आग की झूंठी सूचना पर दौड़ी फायर बिग्रेड

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** आग लगने की झूठी सूचना देकर फायर ब्रिगेड को घंटों तक छकाया गया। पुलिसकर्मी बाईकों से आग लगने की लोकेशन लेने के लिए दौड़ लगाते रहे। रविवार की शाम करीब 5:45 बजे किसी ने डायल 112 पर नगर में आग लगने की सूचना दी। उसके बाद दमकल विभाग को इसकी सूचना दी गई। गजरौला से फायर ब्रिगेड के दो वाहन आग बुझाने के लिए तेजी के साथ दौड़ लगाते हुए कोतवाली के गेट पर पहुंच गये। लेकिन उसके बाद जिस फोन से आग लगने के बारे में मैसेज भेजा गया था उसका स्विच ऑफ हो गया। पुलिस की कई बाइक नगर में किस स्थान पर आग लगी है उसकी लोकेशन लेने के लिए दौड़ लगाने लगी। आग लगने की झूठी सूचना से पुलिसकर्मी एवं फायर ब्रिगेड की टीम घंटों तक हलकान बनी रही।

# चलती बाइक से गिरकर महिला की मौत

## परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** थाना क्षेत्र के गांव पौरारा सैनी वाली मड़ैया से एक दर्दनाक घटना सामने आई है। जहां रविवार को बहन के घर जा रही एक महिला का सफर बीच रास्ते में ही हमेशा के लिए थम गया। 45 वर्षीय लौकेश देवी, पत्नी शिवचरण, अपने बेटे अंकित कुमार के साथ बाइक से गांव सिरसा कला जा रही थीं। यह यात्रा पारिवारिक मुलाकात के लिए थी। लेकिन एक अचानक हुए हादसे ने इसे त्रासदी में बदल दिया।

बताया जा रहा है कि रास्ते में चलते समय बाइक का संतुलन अचानक बिगड़ गया। पीछे बैठी लौकेश देवी असंतुलित होकर सड़क पर गिर पड़ीं। गिरते ही उन्हें गंभीर चोटें आईं और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसा इतना अप्रत्याशित था कि साथ चल रहे बेटे अंकित को संभलने का मौका तक नहीं मिला। घटना की सूचना जैसे ही गांव पहुंची, परिवार में कोहराम मच गया। परिजन और ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे, लेकिन तब तक सब कुछ खत्म हो चुका था। लौकेश देवी अपने पीछे दो बेटों को छोड़ गई हैं। जिनका रो–रोकर बुरा हाल है।परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। इस संबंध में रहरा थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान ने बताया कि थाने पर इस घटना की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

# पुलिस ने किया ई-रिक्शा चोरी गैंग का पर्दाफाश

## तीन आरोपी दबोचे, दस लाख का माल बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** पुलिस ने ई-रिक्शा चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए अंतरजनपदीय गैंग के तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की तीन ई-रिक्शा, वारदात में इस्तेमाल की गई एक ईको कार, 12 बैटरियां और ई-रिक्शा के कई स्टील फ्रेम बरामद किए हैं। बरामद माल की कीमत करीब 10 लाख रुपये आंकी गई है। इस शानदार काम पर एसपी लखन सिंह यादव ने पुलिस टीम को 15 हजार रुपये नकद पुरस्कार देकर हौसला बढ़ाया।

रविवार को प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम संदिग्ध व्यक्ति और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि ई-रिक्शा चोरी करने वाला गैंग रामगंगा पोषक नहर पटरी के पास मौजूद है। पुलिस ने घेराबंदी कर नईम, नाजिर और पिन्टू को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपियों ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए। पुलिस के अनुसार गैंग सुनसान जगहों पर खड़े ई-रिक्शा को पहले रेकी कर निशाना बनाता था। चोरी के बाद उन्हें अलग-अलग पुर्जों में तोड़ दिया जाता था। फिर बैटरी, मोटर, फ्रेम और अन्य सामान कबाड़ियों को बेच दिया जाता था। गैंग का सदस्य पिन्टू अमरोहा में कबाड़ी की दुकान चलाता है, जहां चोरी का माल आसानी से खपा दिया जाता था। पहचान छिपाने के लिए आरोपी नंबर प्लेट तोड़ देते थे और चेसिस नंबर ग्राइंडर से मिटा देते थे। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी पहले भी कई चोरी और अन्य मामलों में जेल जा चुके हैं। तीनों के खिलाफ अमरोहा, बिजनौर और आसपास के थानों में कई मुकदमे दर्ज हैं। अब पुलिस इनके दूसरे साथियों और अन्य जनपदों में जुड़े मामलों की भी जानकारी जुटा रही है।गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह, उपनिरीक्षक रवि कुमार, उपनिरीक्षक संजीव कुमार, हेड कांस्टेबल कपिल शर्मा, कांस्टेबल रजत और कांस्टेबल अंकित बालियान शामिल रहे। क्षेत्र में लगातार हो रही ई-रिक्शा चोरी की घटनाओं के खुलासे से वाहन चालकों और आम लोगों ने राहत की सांस ली है।

# सास-बहू से मारपीट में तीन पर मुकदमा

## घरेलू विवाद ने लिया हिंसक रूप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रजबपुर।** थाना क्षेत्र में सास-बहू के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। गाली-गलौज के बाद लाठी-डंडों से हमला करने का आरोप लगाते हुए पीड़ित पक्ष ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

क्षेत्र के गांव घरोंट की ये घटना 1 अप्रैल की रात करीब 9 बजे की है। पीड़ित अजीत पुत्र संतवीर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव निवासी परवीन पुत्र अंतराम, अंतराम पुत्र शिवचरन और रानी पत्नी परवीन ने उनकी पत्नी सोनम और माता जोगेश के साथ गाली-गलौज की। आरोप है कि आरोपियों ने लाठी-डंडों से मारपीट भी की, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गईं। अजीत ने बताया कि बीच-बचाव के दौरान उन्हें भी मामूली चोटें आईं। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने अपनी पत्नी और माता का मेडिकल कराया। अजीत ने शनिवार को रजबपुर थाना पुलिस को पूरी घटना की तहरीर सौंपी। तहरीर के आधार पर रजबपुर पुलिस ने आरोपी परवीन, अंतराम और रानी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है।

# एक करोड़ 71 लाख से तिगरी में बनेगा रिंग स्पर बांध

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** गंगा धाम तिगरी में कटान रोकने के लिए 01 करोड़ 71 लाख की लागत से 110 मीटर लम्बा

**■ विधायक ने पूजन करके किया कार्ययोजना का शुभारंभ**

रिंग बाँध स्पर का निर्माण किया जायेगा। रविवार को विधायक राजीव तरारा ने गंगाधाम तिगरी में हवन पूजन करके कार्ययोजना का श्रीगणेश किया। विधायक ने कहा कि इस स्पर के निर्माण से गंगा में कटान का खतरा बहुत कम हो जायेगा और तिगरी वासियों को काफी लाभ पहुंचेगा। विधायक ने बताया कि उन्होंने



मुख्यमंत्री से मिलकर इस कार्य को पूरा कराने की मांग की थी, जिसे मुख्यमंत्री ने पूर्ण कराने के लिए स्वीकृति प्रदान की और बजट भी जारी हो गया है। इसके बाद विधायक ने गंगा तट पर चल रहे विकास कार्यों एवं चैनलाइजेशन के कार्य का बाढ़ खंड विभाग के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया और कार्यों की प्रगति एवं सुरक्षा मानकों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य निर्धारित मानक अनुरूप उच्च गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण हो जाएं, जिससे ग्रामीणों को लाभ पहुंचे। इस अवसर पर बाढ़ खंड विभाग के एसडीओ मुकेश जैन, जेई सुभाष कुमार, रोहित समेत पंडित गंगाशरण शर्मा, सतवीर सिंह, जगत सिंह सैनी, सतपाल पाल, मनजीत सिंह, सुशील सिद्धू, पवन गिल, निहार त्यागी, सौरभ, अमित त्यागी, मुनवा, सर्वेश, गौरव, मनोज कश्यप, ओमपाल केवट, अंकित आदि मौजूद रहे।

# महिला को मारपीट करके किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** रेहड़ी पर कंगन, चूड़ी और मेकअप का सामान बेचकर परिवार की गुजर बसर करने महिला के साथ तीन युवकों ने मारपीट करके घायल कर दिया। तीनों युवक भी रेहड़ी लगाते हैं और महिला को दूसरे स्थान पर रेहड़ी लगाने को कह रहे थे। पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला मायापुरी निवासी रामपाल की पत्नी बबली रेहड़ी लगाकर चूड़ी और कंगन बेचने के काम करती है। बुधवार को साप्ताहिक बाजार में वह अपनी रेहड़ी लगा रही थी, आरोप है कि थाना क्षेत्र के पाल गाँव निवासी भोपाल और विवेक एवं थाना क्षेत्र के गाँव चौबारा निवासी राहुल ने महिला से रेहड़ी कहीं ओर लगाने को कहा। जिस पर बबली ने विरोध जताया, तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट करके घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। आसपास के दुकानदारों व लोगों ने बीच बचाव कराया। पीड़िता ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करके आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# ट्रेन आती देखकर ट्रेक पर लेटा ग्रामीण

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** ट्रेन आता देखकर जान बचाने के लिए एक ग्रामीण ट्रेक के बीचोंबीच लेट गया। उसके ऊपर से ट्रेन गुजर गई। हादसे में ग्रामीण की जान तो बच गई लेकिन वह घायल हो गया। जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गढ़ मुक्तेश्वर में भर्ती कराया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गाँव कांकाठेर रेलवे स्टेशन के निकट एक ग्रामीण ट्रेक पार कर रहा था, तभी दिल्ली दिशा से गरीब रथ एक्प्रेस आने लगी। हड़बड़ाहट में वह रेल की पटरियों के बीच में लेट गया। पूरी ट्रेन उसके ऊपर से

**■ हादसे में हुआ घायल, गढ़ अस्पताल में कराया भर्ती**

गुजर गयी। उसकी जान तो बच गयी लेकिन वह घायल हो गया। ट्रेन चालक ने कंट्रोल को सूचित किया, जिसके बाद कंट्रोल के निर्देश पर कांकाठेर रेलवे स्टेशन मास्टर ने दिल्ली दिशा की ओर जा रही सम्पर्क क्रांति एक्सप्रेस को रुकवाकर घायल को गढ़ स्टेशन तक भेजा और वहां से आरपीएफ ने गढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया। बताते हैं कि गढ़ अस्पताल से उसे मेरठ के लिए रेफर कर दिया।

# बाइक चोरी में युवक को चार साल की सजा

## कोर्ट ने एक हजार का जुर्माना भी लगाया


**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** तीन साल पुराने बाइक चोरी के मामले में अदालत ने युवक को चार साल की सजा व जुर्माने की सजा सुनाई है।

यह मामला 26 जून 2023 का है। सैदनगली पुलिस उझारी बस स्टैंड हसनपुर-संभल रोड पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध युवक बाइक से आता हुआ दिखा, पुलिसकर्मियों ने जब उसे रुकने का इशारा किया तो वह इधर-उधर भागने लगा। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम दीपक निवासी फूलपुर बीजलपुर कोतवाली हसनपुर बताया। जांच के दौरान बाइक की नंबर प्लेट संदिग्ध मिली। ई-चालान ऐप से चेसिस नंबर जांचने पर बाइक का असली नंबर अलग था। सख्ती से पूछताछ करने पर दीपक ने बाइक चोरी करने की बात स्वीकार कर ली।बताया कि वह अपने साथी किशनलाल और बब्लू के साथ मिलकर बाइक चोरी कर उन्हें बेचने का काम करता था। पुलिस ने दीपक की निशानदेही पर चोरी की तीन और बाइक बरामद की थीं। हालांकि, इस दौरान उसके दोनों साथी मौके से भाग निकले थे। बरामद वाहनों में से एक बाइक हसनपुर थाने में दर्ज चोरी के मुकदमे से संबंधित थी। पुलिस ने दीपक के खिलाफ धोखाधड़ी, चोरी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया था। मुकदमे की सुनवाई एडीजे तृतीय की अदालत में विचाराधीन थी। शनिवार को अदालत ने इस मामले में अपनी अंतिम सुनवाई की। पत्रावली का अवलोकन करते हुए साक्ष्यों के आधार पर दीपक को दोषी करार दिया। चार साल जेल की सजा सुनाई तथा एक हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

# तालीम बिना तरक्की नामुमकिन: महबूब

## शिक्षा को नौकरी का माध्यम न समझें: ढिल्लो



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** इंडियन इंटर कालेज का वार्षिकोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान परीक्षाफल भी वितरित किया गया।

वार्षिकोत्सव में लोक लेखा समिति के सभापति एवं सदर विधायक महबूब अली ने कहा कि विकास का रास्ता शिक्षा से होकर गुजरता है। समाज के आगे बढ़ने के लिए शिक्षा जरूरी है। शिक्षित समाज से ही देश की उन्नति संभव है। उन्हों जनता से आह्वान किया कि वह अपने ऊपर कम खर्च करें जबकि बच्चों को शिक्षा अवश्य दिलायें। शिक्षक




विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो ने कहा कि शिक्षा केवल नौकरी पाने का माध्यम नहीं है। एक पढ़ा

**■ हर्षोल्लास से मना इंडियन इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव**

लिखा इंसान जीवन में अधिक तरक्की कर सकता है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज अभी भी शिक्षा के क्षेत्र में काफी पिछड़ा है। मुस्लिमों को चाहिए कि वह अपने बच्चों को तालीम अवश्य दिलायें। इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम में परीक्षाफल वितरित किया गया जबकि कक्षाओं में प्रथम आने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर प्रबंधक हाजी जीशान, चेयरमैन जुबैर अहमद, पूर्व चेयरमैन जाहिद हुसैन, मुगीश अहमद, खालिद प्रधान, हाजी शद्दन, हाजी जमशेद, शकील, जीशान प्रधान आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### चुनाव की तैयारी में जुटें सुभासपा कार्यकर्ता



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** सुभासपा ने कहा कि कार्यकर्ता पंचायत चुनाव की तैयारी में जुट जाए। संगठन की मजबूती के लिए पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा से लोगों को अवगत कराए। रविवार को पार्टी कार्यालय पर सुभा सपा की बैठक हुई। जिसे संबोधित करते पूर्व प्रभारी बलराज सिंह प्रजापति ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पार्टी की मजबूती के लिए गांव गांव जाकर लोगों से संपर्क करे और आम जनता को पार्टी की नीतियों व विचार धारा से अवगत कराए, जिससे संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती मिल सके। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर, कन्हई राम, डॉ,जगत सिंह, इस्लामुद्दीन, इदरीस चौधरी,सुरेंद्र सिंह, प्रीत चौधरी, आदेश, मोहम्मद शफी, जसवीर सिंह, जितेंद्र आदि मौजूद रहे।

### सांसद तंवर सिंह ने सुनीं जनसमस्याएं



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर ने शहर स्थित अपने कैंप कार्यालय पर क्षेत्र के लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की जिला अमरोहा इकाई की नई कार्यसमिति के गठन पर जिला महामंत्री राजीव चौहान और प्रेम सिंह सैनी सहित सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि नई टीम संगठन को मजबूती देने के साथ पार्टी की नीतियों को आमजन तक पहुंचाने का काम करेगी। सांसद ने उम्मीद जताई कि नई कार्यसमिति जिले के विकास और जनकल्याण के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम में विधायक राजीव तरारा, अखिल जैन, नगर पालिका हसनपुर के चेयरमैन राजपाल सैनी, जिला उपाध्यक्ष अतुल चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष ऋषिपाल नागर समेत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### शिक्षाविद को दी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नगर के शिव इण्टर कॉलेज के संस्थापक पंडित शिव किशोर शर्मा (वैद्य जी) की 33 वीं पुण्यतिथि पर शिव इण्टर कॉलेज में हवन-यज्ञ करके श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए एडवोकेट सुभाष भूषण शर्मा ने कहा कि, उनके पिता पंडित शिव किशोर शर्मा ने जीवन भर समाजसेवा के कार्य किये। क्षेत्र को शैक्षिक रूप से समृद्ध करने के लिए शिव इण्टर कॉलेज की स्थापना की तो वहीं नगर में स्थित रमाबाई आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय के लिए भूमि दान की। उनके विचार हम सबके बीच सदैव प्रासंगिक रहेंगे। इस मौके पर नगर ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष डॉ.रवि भूषण शर्मा, डॉ.स्वदेश भूषण शर्मा आदि मौजूद रहे। हवन पंडित सुखदेव शास्त्री के दिशा निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

# प्रशांत हत्याकांड पर सैनी समाज में उबाल

## आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** बिजनौर के चांदपुर तहसील के गांव हैजरपुर निवासी प्रशांत सैनी की हत्या को लेकर सैनी समाज में भारी रोष है। रविवार को क्षेत्र के गांव पत्थरकुटी में अशोक उर्फ सोनू सैनी के घर समाज की बैठक हुई। इसमें हत्या के आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई और पीड़ित परिवार को जल्द न्याय दिलाने को लेकर चर्चा की गई। इसके बाद बड़ी संख्या में लोग बिजनौर में होने वाली न्याय रैली के लिए रवाना हो गए।

बैठक में जिला सैनी सभा के जिला संयोजक सर्वेश सैनी ने कहा कि इस घटना से पूरे समाज में गुस्सा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि आरोपियों के खिलाफ ऐसी सख्त कार्रवाई हो, जिससे आगे कोई ऐसी वारदात करने की हिम्मत न करे। सोमवीर उर्फ दीपक सैनी ने कहा कि मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराई जाए, ताकि पीड़ित परिवार को जल्दी न्याय मिल सके। अशोक उर्फ सोनू सैनी ने कहा कि जब तक प्रशांत के परिवार को इंसाफ नहीं मिल जाता, समाज चुप नहीं बैठेगा। बैठक के बाद दर्जनों गाड़ियों के काफिले के साथ सैनी समाज के लोग बिजनौर में आयोजित न्याय रैली के लिए कूच कर गए। लोगों ने कहा कि समाज के युवा की हत्या किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों को सजा दिलाने तक आवाज उठती रहेगी। इस दौरान सोमवीर उर्फ दीपक सैनी, कुबेर सैनी, मंगतराम सैनी, सुशील सैनी, अंकित सैनी, मिंटू सैनी, शिवकुमार सैनी, सुनील सैनी, चमन सैनी, भोला सैनी, सुरेश सैनी, ब्रह्मानंद सैनी, भगवंत सैनी, विक्रम सैनी, जितेंद्र सैनी, कपिल सैनी और योगेंद्र सैनी समेत काफी लोग मौजूद रहे।

# शादी में बवाल रोकना पड़ा भारी, युवकों ने घर पर बोला धावा

## फायरिंग से दहशत, छह के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बहनों की शादी में बवाल करने वाले युवकों को टोकना एक युवक को भारी पड़ गया। युवकों ने घर पर धावा बोल दिया। मारपीट के बीच आरोपियों पर फायरिंग करने का भी आरोप है। घटना से जुड़े दो तीन वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। पुलिस ने मामले में छह नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

मामला नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव कासमपुर मेव का है। गांव के रहने वाले शबाबुल की दो बहनों की शादी अमरोहा के एक बैंकट हॉल में बीती 4 अप्रैल को थी, जहां सानिब, समीर, शाहरुख, अरशद, साहिल और अरबाज पहुंच गए। आरोप है कि उन्होंने मेहमानों से अभद्रता शुरू कर दी। शबाबुल ने विरोध करते हुए उन्हें बहुत शादी समारोह से बाहर जाने के लिए कह दिया। इसी बात से नाराज इन युवकों ने उसी रात को पीड़ित शबाबुल के घर पर धावा बोल दिया और गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इतना ही नहीं, आरोप है कि आरोपियों ने कई राउंड फायरिंग कर इलाके में दहशत फैला दी। हमले में शुऐब और मुस्तकीम घायल हो गए। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल बना है। पुलिस ने सभी छह नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने बताया कि पुलिस टीमें आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही हैं, जिन्हें जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बुलेट से पटाखे छोड़ने के विरोध पर युवक पर जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नौगांवा सादात।** गांव सैदपुर इम्मा में बुलेट के साइलेंसर से पटाखे छोड़ने का विरोध करना एक युवक को भारी पड़ गया। आरोप है कि विवाद के बाद तीन युवकों ने घर पर धावा बोलकर धारदार हथियार और लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना थाना क्षेत्र के गांव सैदपुर इम्मा में बीती चार अप्रैल की शाम पांच बजे की है। गांव निवासी जाकिर पुत्र रमजानी की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर के मुताबिक घटना के समय उनका भाई ताहिर गांव में ही चौराहे पर खड़ा था। उसी दौरान गांव का ही अनीस वहां पहुंचा और उसने अपनी बुलेट को बीच चौराहे पर खड़ा कर दिया। इसके बाद मॉडिफाइड साइलेंसर से पटाखे छोड़ने लगा। तेज आवाज निकलने से राहगीरों और चौराहे पर खड़े लोगों के दिल कांप उठे। लिहाजा,

**■ लाठी-डंडों से जमकर पीटा, तीन पर रिपोर्ट**

वहां मौजूद ताहिर ने पटाखा छोड़ने का विरोध किया तो अनीस ने मारपीट शुरू कर दी, लोगों के बीच-बचाव कराने पर ताहिर अपने घर लौट आया। आरोप है कि कुछ समय बाद अनीस ने अपने दोस्त हन्सार और नौशाद को लेकर घर पर धावा बोल दिया। आरोपियों ने धारदार हथियार और लाठी-डंडों से हमला कर ताहिर को लहूलुहान कर दिया। इतना ही नहीं बचाव में भांजा रहीस आया तो उसके साथ भी मारपीट की। हमले में वह भी गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर सुनकर मोहल्ले के लोग जमा हो गए, जिन्हें देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। परिजनों ने घायल ताहिर और रहीस को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने बताया कि तीनों आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमला करने के अलावा अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

# ट्रेन में चढ़ते महिला की गिर कर मौत

## संतुलन बिगड़ने से हुआ हादसा, दोनो पैर कटे, इलाज के दौरान दम तोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** रविवार की सवेरे रेलवे स्टेशन तक उस वक्त चीख पुकार मच गई जब यहां ट्रेन में चढ़ते समय संतुलन बिगडने से महिला की नीचे गिरकर मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में को. हराम मच गया और लोगों ने महिला को उपचारके लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड दिया।

जनपद सहारनपुर के थाना सरसावा क्षेत्र के गांव मंढोर निवासी 40 वर्षीय सुनीता अपने पिता ओमपाल और पौत्र अर्जुन नितिन कुमार के साथ दो दिन पहले शहर में अपने भाईयों के घर मिलने आई थी। बताया जाता है कि रविवार की सुबह वह अपने परिवार के साथ गांव वापस जाने के लिए रेलवे स्टेशन पर पहुंची थी जहां यह दर्दनाक हादसा हुआ। परिवार के सदस्य और प्रत्यदर्शियों के अनुसार सुनीता ट्रेन में चढ़ रही थी इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह नीचे गिर गई। गिरने से उसे गंभीर चोटे आई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों भी घटनास्थल की ओर दौड़े। गंभीर हालत में महिला को उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक घटना के बाद महिला के परिजन गहरे सदमे में है और उन्होने महिला का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया।

मृतका के पति ओमपाल के अनुसार महिला के परिवार में पांच भाई है और वह सभी गांव में ही अलग-अलग रहकर खेतीबाडी करते है। ओमपाल भी पेशे से किसान है और अपनी जमीन पर खेती का काम करता है। बताया जाता है कि इससे पूर्व भी उनके परिवार में कई हादसे हो चुके है ओमपाल का इकलौता पुत्र बीमारी के चलते सोलह वर्ष की आयु में दुनिया से चल बसा था जिसका सदमा परिवार को अभी तक है। इस घटना के बाद पूरे परिवार पर और गम का पहाड टूट पड़ा। जैसे ही घटना की जानकारी परिजनों को मिली तो परिवार के लोगों ने मृतक महिला के पति ओमपाल से सम्पर्क करने से प्रयास किया, लेकिन उसका फोन नहीं उठ पाया। काफी देर के बाद पुलिस ने फोन रिसीव करते हुए घटना की पुष्टी की जिससे परिजनों में कोहराम मच गया और स्थानीय लोग परिजनों के साथ मुजफ्फरनगर की ओर दौड़े। घटना के बाद से परिवार में मातम छाया हुआ है और क्षेत्र में भी शोक की लहर है।

# दिन दहाड़े घर मे घुसकर लूट

## महिला का आरोप संदिग्ध, पुलिस जांच पड़ताल में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद के थाना नगर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव पिनना में रविवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब रवि कश्यप के परिवार ने घर में लाखों की डकैती होने की सूचना पुलिस को दी।

पीड़ित परिवार का दावा हैकि अज्ञात बदमाशों ने घर में तांडव मचाते हुए करीब 15 लाख रुपये के जेवरात और नगदी पर हाथ साफ कर दिया है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीमें मौके पर पहुंचीं, लेकिन मामले की कड़ियाँ उलझती नजर आ यही हैं। पीड़ित महिला शिवानी ने पुलिस को दिए बयान में घटना का जो विवरण दिया है। वह बेहद चौंकाने वाला है।

शिवानी के अनुसार, वह घर से दवाई लेने बाहर गई हुई थी। इसी बीच अज्ञात बदमाशों ने घर में प्रवेश किया। बदमाशों ने घर में मौजूद उसके पत्ति और बच्चों को हथियारों के बल पर बंधक बना लिया। आरोप है कि लुटेरों ने अलमारी और संदूक के ताले तोड़े और यहाँ तक कि जमीन के अंदर छिपाकर रखे गए कीमती जेवरात भी निकाल लिए और फरार हो गए। मामले में नया मोड़ तब आया जब शिवानी ने इस पूरी साजिश के पीछे अपने ही ससुराल पक्ष के लोगों पर आशंका जताई। महिला का कहना है कि लंबे समय से चलरहे पारिवारिक विवाद के चलते उसके पति के भाइयों ने ही इस घटना को अंजाम दिलवाया हो सकता है। शहर कोतवाल बबलू कुमार ने बताया कि पीड़ित पक्ष अपने परिचित पर आरोप लगात रहे हैं। प्रथम दृष्टया लूट का यह आरोप संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। फिर भी जांच की जा रही है। पूरे तथ्य सामने आने के बाद अगली कार्रवाई की जायेगी। उन्होने बताया कि पुलिस हर पहलू पर गहनता से जांच कर रही है जल्द ही खुलासा कर दिया जाएगा।

### स्वर्ण पदक जीतने वाले पहलवानों का स्वागत

**मुजफ्फरनगर।** वाराणासी में आयोजित उत्तर प्रदेश रेसलिंगएसोसिएशन प्रतियोगिता में जिले का नाम रोशन करने वाले पहलवानों का स्वागत किया गया। वाराणासी में आयोजित की गई थी जिसमें मुजफ्फरनगर के पहलवानों ने दो स्वर्ण और एक रजत पदक हासिल किया। इनमें हिमांशु पहलवान ने 74 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक झटका, जबकि गामिनी पहलवान ने 55 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया। हर्षिता तोमर ने 53 किलोग्राम भार में रजत पदक प्राप्त किया। पचैण्डा बाईपास पर ढोल नंगाडो के साथ फूलमालाओं से स्वागत किया।

# महर्षि कश्यप जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा

**मुजफ्फरनगर।** महर्षि कश्यप जयंती के अवसर पर भव्य शोभायात्रा और समारोह का आयोजन किया गया। शामली अड्डे के पास स्थित महर्षि कश्यप चौक पर विधिवत पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के अतिथि मंत्री कपिल देव अग्रवाल व मंत्री अनिल कुमार की मौजूदगी मे भव्य शोभायात्रा निकाली गई। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी महर्षि कश्यप जयंती को लेकर समाज में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। कार्यक्रम के दौरान समाज के जिम्मेदार लोगों पदाधिकारियों और गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी में पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होकर निकलेगी और श्रद्धालु महर्षि कश्यप के जयकारों के साथ यात्रा में शामिल हुएआयोजकों के अनुसार यात्रा और समारोह को भव्य बनाने के लिए विशेष तैयारियां की गई वहीं व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रशासन और पुलिस भी सतर्क नजर आई। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह और भक्ति का माहौल बना रहा। बैण्ड-बाजों व झॉकियो के साथ महर्षि कश्यप की शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गो से निकाली। जिसमे समाज के कई गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।



मुजफ्फरनगर: महर्षि कश्यप जयंती शोभायात्रा का शुभारंभ करते मंत्री कपिल देव।



मुजफ्फरनगर: शहर में निकाली गई शोभायात्रा में आकर्षण का केन्द्र रही झांकी।

# पुरानी रंजिश में युवक को मार पीटकर किया जख्मी

**पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की**

**बुढ़ाना।** पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही आधा दर्जन से भी अधिक युवकों ने एक युवक को मारपीट कर अधमरा कर दिया और उसको मरा हुआ समझकर फरार हो गये। मांगेराम पुत्र मगना निवासी ग्राम अटाली ने बुढ़ाना पुलिस को बताया कि उसके गांव के विक्की पुत्र मदन, शेखर पुत्र अशोक, आशु पुत्र प्रेमपाल तथा अक्षित उसके परिवार से काफी समय से रंजिश रखते चले आ रहे हैं। जिन्होंने अब से 2 वर्ष पूर्व भी उसके पुत्र अमित के साथ मारपीट की थी। उसका पुत्र बुढाना में सतीश तोमर की दुकान पर मोटर बांधने का काम करता है। बीते 3 अप्रैल की रात में उसका भाई अपना काम खत्म कर अपने घर जा रहा था। तब गांव महलजना के पास पहले से ही घात लगाये 2 बाइकों पर बैठे गांव के विक्की, शेखर, आशु, अक्षित और 3 अज्ञात व्यक्ति अपने हाथों में धारदार हथियार व लोहे की रोड आदि लेकर आये और आते ही उसके पुत्र को गन्दी गन्दी गालियां देकर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। उसके पुत्र के सिर व शरीर के अन्य अंगों पर भी गंभीर चोटें आयी। तब उसके पुत्र ने शोर मचाया तो बुढाना की तरफ से कुछ वाहनों को आता देख सभी हमलावर उसके पुत्र को मरा हुआ समझकर छोड़कर वहां से भाग गये। इसके बाद डायल नंबर 112 की पुलिस ने उसके पुत्र को सीएचसी बुढाना में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया वहीं बुढाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# जाट संसद के नेता पलसानिया के खिलाफ मुकदमा दर्ज

## विधायक राजपाल बालियान के आवास पर बैठक में पुलिस को तहरीर सौंपी गई

**चौधरी चरण सिंह पर टिप्पणी के बाद बढ़ा विवाद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के संस्थापक अध्यक्ष राम अवतार पलसानिया के विवादित बयान को लेकर राजनी. तिक और सामाजिक माहौल गर्मा गया है। जाट समाज, किसानों और रालोद कार्यकर्ताओं के विरोध के बीच भौराकलां थाने में उनके खिलाफ गंभीर धाराओं में मुक. दमा दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई उनके द्वारा हाल ही में जाट समाज में अंतरजातीय विवाह व्यवस्था को लेकर दिए गए विरोधात्मक बयान और पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह पर की गई टिप्पणी के बाद हुई है।

बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र से विधायक एवं विधानमंडल में रालोद दल के नेता राजपाल बालियान के पैतृक गांव गढ़ी नौआबाद में भी एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में रालोट नेताओं समर्थकों और किसानों ने एकजुट होकर मामले पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया। बैठक के दौरान ही भौराकलां पुलिस को मौके पर बुलाकर राम अवतार पलसानिया के खिलाफ तहरीर सौंपी गई।

विधायक राजपाल बालियान और रालोद जिलाध्यक्ष संजय राठी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह देश के गौरव और किसानों के मसीहा हैं। उनके खिल किसी भी प्रकार की अमर्यादित टिप्पणी को स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं और किसानों की भावनाओं का सम्मान करते हुए दर्ज किया गया यह मुक. दमा उन लोगों के लिए स्पष्ट संद. ेश है, जो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर महापुरुषों का अपमान करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कानून अपना काम करेगा और इस तरह की मानसिकता रखने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। वहीं, भौराकलां पुलिस के अनुसार, इस मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 196, 299, 352, 197 और 351 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है। रालोद जिलाध्यक्ष संजय राठी ने कहा कि पार्टी इस तरह के बयानों की कड़ी निंदा करती है और प्रशासन से अपेक्षा करती है कि मामले में सख्त और प्रभावी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पलसानिया के बयान के बाद से ही रालोद कार्यकर्ताओं और किसान संगठनों में भारी रोष देखने को मिल रहा था। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में विरोध प्रदर्शन हुए, जहां रालोद नेताओं और कार्यकर्ताओं ने विभिन्न थानों का घेराव कर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा और कार्रवाई की मांग की। दो दिन पूर्व भी रालोद एवं जाट समाज के नेताओं ने कई स्थानों पर थानाओं का घेराव करते हुए ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग उठाई थी।

# इंस्टाग्राम पर धमकी से टूटा रिश्ता

**खतौली।** थाना क्षेत्र के एक गांव में सोशल मीडिया के माध्यम से दी गई धमकियों के चलते एक तयशुदा शादी टूटने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने नामजद युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।ग्राम चांदसमद निवासी संजय पुत्र गोपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बहन मोहिनी का विवाह ग्राम जंधेड़ी जाटान निवासी तुषार पुत्र कृष्णपाल के साथ तय हुआ था। आरोप है कि सगाई के बाद कुछ युवक इंस्टाग्राम के जरिए तुषार को लगातार आपत्तिजनक व धमकी भरे संदेश भेजने लगे। आरोपियों ने संदेशों में शादी न करने की चेतावनी देते हुए जान से मारने तक की धमकी दी और युवती से प्रेम संबंध होने का दावा किया। लगातार मिल रही धमकियों से घबराकर तुषार ने यह रिश्ता तोड़ दिया। पीड़ित के अनुसार, शादी की तैयारियां पूरी कर ली गई थीं और काफी खर्च भी हो चुका था। अचानक रिश्ता टूटने से परिवार को आर्थिक नुकसान के साथ सामाजिक प्रतिष्ठा को भी ठेस पहुंची है। घटना के बाद परिवार मानसिक तनाव में है। संजय ने आरोपियों के मोबाइल नंबर पुलिस को सौंपते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की तलाश के लिए टीम लगाई गई है। इस मामले में पुलिस की जांच कई बिन्दुओं पर टिकी है। पुलिस हर पहलु पर अलग-अलग जांच करने में जुटी हुई है।



मुजफ्फरनगर: पार्टी कार्यालय पर महर्षि कश्यप व निषादराज को पुष्पांजलि अर्पित करते सपाई।

# सपाइयों ने महर्षि कश्यप व निषादराज को अर्पित की पुष्पाजंलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** महर्षि कश्यप और महाराजा निषादराज की जयंती पर उन्हें याद करते हुए सपाइयों ने महर्षि कश्यप और महाराजा निषादराज जीवन और योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे हिंदू धर्म के महानतम ऋषियों में से एक थे और सप्त ऋषियों में उनका विशेष स्थान माना जाता है। उन्होंने कहा कि उनके विचार और ज्ञान आज भी समाज के लिए प्रेरणादायक हैं।

महावीर चौक स्थित पार्टी कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में सपा जिलाध्यक्ष जिया चौधरी एडवोकेट ने उनके बलिदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण की वनवास के दौरान

सहायता की थी। उन्हें विभिन्न समुदायों कोल, भील, बिंद, केवट, मल्लाह, मछुआराऔर अन्य मूलनिवासी समाजों का प्रतीक राजा माना जाता है।

यहां सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके आदर्शो को अपनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर जिला महासचिव सोमपाल सिंह कोरी, जिला उपाध्यक्ष चौधरी ओमपाल सिंह, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह पंवार (नीटू), महिला सभा जिलाध्यक्ष पूजा अनिल अंबेडकर, जिला सचिव लोकेंद्र कुमार सिमरथी, डॉ. मोनिका सिंह, गगन महावी, सतीश चंद जैन, हनीफ इदरीसी, युधिष्ठिर पहलवान, फरमान अंसारी, सागर कश्यप, शाहिद गौर, अब्दुल वहाब त्यागी, बैरम खान, राज. कुमार, बिजेंद्र कुमार, भोपाल और वेदपाल मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री के प्रस्तावित आगमन कार्यक्रम से अफसरों में हड़कंप

## पालिकाध्यक्ष विदेश में काम अधूरा, अहिल्याबाई चौक का करेंगे लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 9 अप्रैल को मुजफ्फरनगर आगमन के प्रस्तावित कार्यक्रम की जानकारी होते ही जिला प्रशासन में हड़कंप बच गया है।

बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 9 अप्रैल को मुजफ्फरनगर आकर एक लाख से अधिक हिंदू मंदिरों का जीर्णोद्धार करने वाली वीरांगना आयोग देवी अहिल्याबाई की प्रतिमा के लोकार्पण को अपनी मंजूरी दे दी है साथ ही वह नुमाइश मैदान में आयोजित कार्यक्रम में भी भाग लेंगे इसके अतिरिक्त कुछ अन्य कार्यक्रमों में भी उनके शामिल होने की आशा है इसे दृष्टिगत जिला प्रशासन ने जरूरी तैयारियां शुरू कर दी है लेकिन पहले का अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप के नगर क्षेत्र से बाहर गए होने के कारण पालिका की तैयारी कमजोर पड़ती नजर आ रही है । अहिल्याबाई चौक के सौन्दर्यकरण के साथ ही इस चौक का चौडीकरण भी कराया जाना था जिसके लिए कार्य अभी बाकी है। बताया जा रहा है कि अध्यक्ष 10 दिनों के लिए देश से बाहर गई हुई है ऐसे में यदि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुजफ्फरनगर आते हैं तो इसका सारा श्रेय राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ल लेकर ले जाएंगे ऐसा लोगों का कहना है इस संबंध में कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार का कहना है कि मुख्यमंत्री का प्रस्तावित कार्यक्रम जिला प्रशासन को मिल गया है अंतिम स्वीकृति आनी बाकी है।

# रमाबाई सेना संघ के स्थापना दिवस पर जागरूकता की अलख जगाई





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** माता रमाबाई सेना संघ के स्थापना दिवस पर जागरूकता की अलख जगाते हुए कांग्रेस नेत्री एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष गीता काकरान ने कार्यक्रम में आई महिलाओं को उनके अधिकारों के लिए जागरूक करते हुए कहा कि माता रमाबाई ने जिस प्रकार के अपने अधिकारों की लडाई लडी उसके लिए मातृ शक्ति को भी आगे आना होगा।

पुरकाजी विधानसभा क्षेत्र के गांव बसेडा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में पहुंचे विनय आचार्य, भंतेश्री अनुकृति गौतम, राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुसूचित जाति जनजाति एवं उत्तरांचल से आए पूर्व सांसद धीरेन्द्र प्रताप ने विचार रखे। कार्यक्रम को सफल बनाने में हस्य कलाकार शेखचिल्ली ने भी रंग जमाया।

यहां मेरठ, गाजियाबाद, सहारनपुर, हरिद्वार सहित आसपास के जिलों से आई महिलाओं व लोगों ने हिस्सा लिया। यहां डॉक्टर दिपाली सिंह काकरान, धर्मवीर सिंह, एसपी सिंह, फेरो सिंह ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

